गुरुगोविंद सिंह अस्पताल परिसर के अंतिम पूर्वी छोर पर लगे बोरिंग पंप में बिजली कनेक्शन नहीं देने से हो रही समस्या

पानी की किल्लत झेल रहे लोगों ने किया प्रदर्शन

पटना सिटी | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

भीषण गर्मी में पानी संकट झेल रहे वार्ड 60 के लोगों का सब्र मंगलवार को टूट गया। लोगों ने पूर्व पार्षद बलराम चौधरी के नेतृत्व में नवनिर्मित बोरिंग स्थल पर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसमें महिलाएं भी शामिल थीं।

ये है कारण : वार्ड संख्या 60 में पानी की किल्लत को देखते हुए नगर निगम के जलपर्षद विभाग की ओर से गुरुगोविंद सिंह अस्पताल परिसर के अंतिम पूर्वी छोर पर नया बोरिंग पंप लगा था। जिससे कि दर्जनों मोहल्लों में पानी पहुंच सके। लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण बिजली कनेक्शन नहीं हो सका। जिसका खामियाजा लोगों को उठाना पड़.रहा है। पार्षद शोभा देवी ने बताया कि आवेदन की तकनीकी खामियां को तो विभागीय अधिकारी ही दूर व सुधार कर सकते हैं।

शीर्घ बिजली दी जाएगी

लोगों के विरोध प्रदर्शन के बाद प्रमंडल कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी एक्शन मोड में आ गए और फाइल को तेजी से सुधार कर आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है। अधिकारी ने बताया कि मीटर को चेक करने के लिए एमआरटी भेजा गया है। वहां से आने के बाद शीघ्र ही कनेक्शन चालू कर दिया जाएगा।

गुरुगोविंद सिंह अस्पताल परिसर के पूर्वी छोर पर लगे बोरिंग पंप के पास मंगलवार को प्रदर्शन करते लोग।

बोरिंग पंप हुआ चालू

पटना सिटी। वार्ड संख्या 60 के मोगलपुर नेहरु चिल्ड्रेन पार्क परिसर में बंद पड़े बोरिंग पंप को मंगलवार की शाम चालू कर दिया गया है। इससे एक दर्जन से अधिक मोहल्लों के लोगों को राहत मिली है। इससे पहले वार्ड पार्षद की ओर से पानी का टैंकर उपलब्ध कराकर लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया गया। पटना नगर निगम के जलपर्षद के सहायक अभियंता ने बताया कि बोरिंग के पुराने पंप की जगह दूसरा 60 एचपी का पंप लगाकर बोरिंग को चालू किया गया है। बता दें कि गर्मी के मौसम में तापमान की वृद्धि के साथ ही भूजल का स्तर भी नीचे जाने लगता है। जिससे बोरिंगपंप से पानी की जगह बालू, मिट्टी व कचरायुक्त पानी की आपूर्ति होने लगती है।

सभी पीएचसी में बनेंगे फ्लू कार्नर

पटना। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव उदय सिंह कुमावत ने सभी जिलों को जारी आदेश में निर्देश दिया है कि सभी पीएचसी परिसर में एक फ्लू कार्नर भी बनाया जाए। जहां रोस्टर के अनुसार डॉक्टर और पारा मेडिकल कर्मी तैनात किए जाएं। इन्हें एन 95 मास्क, डिस्पोजेबल ग्लब्स व कैप दिया जाए। यहां मरीज का थर्मल जांच किया जाए और कोरोना के लक्षणात्मक मरीज का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इलाज किया जाए। जो बिना लक्षण वाले मरीज होंगे उन्हें डॉक्टर के पास भेजा जाए।

IT Development Agency (I.T.D.A.)
(Department of Information Technology
Government of Uttarakhand)
IT Bhawan, Plot No. IT-07, IT Park,
Sahashradhara Road, Dehradun
Telefax: 0135-2608330, Email: diritda-uk@nic.in

Tender Notice No. 02/e-ITDA-PRJ/UKP2/1/2020-PROJECT
Dated 02/06/2020

Corrigendum I

Uttarakhand State Wide Area Network Upgradation Phase II

A corrigendum has been uploaded on procurement portal **https://www.uktenders.gov.in/** regarding changes in tender dates. Other terms and condition of tender document will remain same.

DIRECTOR

शुद्धि-पत्र

निविदा सूचना सं. डीवाई. सीईई./निर्मा./एसएसएल/11/2020/जेआई, दिनांक: 11-05-2020 के तहत प्रकाशित निविदा सं. ईएल-निर्मा-एसएसएल-13-2019-जेआई-आरटी। कृपया अन्य एसे पढ़ें। बंद होने की तिथि 04-06-2020 के स्थान पर 19-06-2020 और खुलने की तिथि 04-06-2020 के स्थान पर 19-06-2020।

अन्य सभी नियम और शर्तें यथावत रहेंगे।

डीवाई.सीईई./निर्मा./सिग्नल

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
(निर्माण संगठन)
सड़कों की सेवा में मुस्कान के साथ

कड़ाव और बांध की सुरक्षा

निविदा सूचना सं.: निर्मा./2020/मई/06, दिनांक: 15-06-2020। अनुभवी और सफलतापूर्वक ठेकेदार (से)/फर्म (सें) से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा पद्धति के जरिये खुली निविदा आमंत्रित की जाती है:- निविदा सं.: सीई/निर्मा./बी-एस/पीडब्लयू/2020/08। कार्य का नाम:- असमसी सिंचाई नहर, केन वाटर ड्रेन, मध्य-सरस्वती ड्रेन इत्यादि के निर्माण द्वारा कड़ाव और बांध की सुरक्षा। अनुमानित मूल्य: ₹77,51,79,836.83। उपरोक्त सभी ई-निविदाएं 10-07-2020 को 14.30 बजे बंद होंगी और 10-07-2020 को 15.30 बजे खुलेंगी। विस्तृत के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर पधारें।

मुख्य अभियंता/निर्मा/2

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
(निर्माण संगठन)
सड़कों की सेवा में मुस्कान के साथ

रिंग रोड परियोजना के तहत दो नए पुल बनेंगे

पटना। शहर के चारों ओर बनने वाले रिंग रोड परियोजना के तहत पटना के शहरी क्षेत्र में ही दो नए पुल बनेंगे। एक जेपी सेतु के समानांतर तो दूसरा शेरपुर से दिघवाड़ा के बीच होगा। यह दोनों पुल चार-चार लेन का होगा। इन दो पुलों के बनने से न केवल पटना बल्कि छपरा में 20 किलोमीटर से अधिक रिंग रोड का दायरा बढ़ जाएगा। पथ निर्माण ने इन दोनों पुलों का निर्माण भी इसी साल शुरू करने का लक्ष्य तय किया है। निर्माण शुरू होने के चार साल के भीतर इसे पूरा करने का लक्ष्य तय है। अभी पटना से आने-जाने के लिए चार लेन पुल के कारण उत्तर व दक्षिण बिहार के बीच आने-जाने में महाजाम की समस्या लग रही है। लोगों को घंटों जाम में फंसने को विवश होना पड़ रहा है। कोरोना काल में भी गाड़ियों की आवाजाही की छूट मिली तो गांधी सेतु पर फिर से जाम की समस्या कायम हो गई है। भविष्य में ऐसी जाम की समस्या लोगों को नहीं सहना पड़े, इसके लिए विभाग ने अलग-अलग स्थानों पर पुल बनाने की योजना पर काम चालू रखा है।

कर्मियों ने दो दिन का दिया वेतन

पटना सिटी। पटना नगर निगम के सिटी अंचल के स्थायी कर्मचारियों ने दो दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा किया है। प्रशाखा पदाधिकारी नीरज वर्मा, राजस्व पदाधिकारी शयाम नारायण प्रसाद व गौरव कुमार ने बताया कि सिटी अंचल में कार्यरत 190 कर्मियों ने 209975 रुपए जमा किया है।

हत्यारों का सुराग जुटा रही पुलिस

पटना सिटी। मेहंदीगंज थाना क्षेत्र में हुई हत्याकांड का गुत्थी सुलझाने पुलिस धनरुआ गयी है। हत्यारों का सुराग और हत्या का कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस निरंजन यादव के करीबी लोगों से पूछताछ करेगी। रविवार की शाम अज्ञात हत्यारों ने मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के कैलाश नगर में निरंजन यादव की गोलीमार कर हत्या कर दी थी। मूलरुप से धनरुआ का रहनेवाला निरंजन आलमगंज थाना क्षेत्र के ग्वाल टोली में किराए के मकान में रहकर मेहंदीगंज, कैलाश नगर में अपनी जमीन पर मकान का निर्माण करा रहा था। जहां रविवार को अपराधियों ने उसकी हत्या कर दी। घटना के दो दिनों बाद भी अपराधियों का पता नहीं चलने पर पुलिस की टीम मंगलवार को धनरुआ गयी है। पुलिस घटना का कारण भूमि विवाद मानकर छानबीन कर रही है।

सामाजिक संगठनों ने निभायी जिम्मेदारी

पटना। टाटा सामाजिक अध्ययन संस्थान के डॉ विभूति एन पटेल ने कहा कि कोरोना महामारी में गरीब लोगों को मदद पहुंचाने में कॉरपोरेट सेक्टर से अधिक सामाजिक संगठन और सदस्यों ने जिम्मेवारी निभायी है।

वे मंगलवार को पटना विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार को सम्बोधित कर रहे थे। यह वेबिनार 'कोविड 19 महामारी उपेक्षित समूह के ऊपर आर्थिक प्रभाव' पर आयोजित था। वेबिनार में उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं की अपनी सीमाएं हैं। इन्हें कहीं से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली। अधिकतर कॉरपोरेट सेक्टर ने जो भी जहां भी कुछ मदद की उनमें न तो सेवा भावना थी और न ही कोई जिम्मेवारी की भावना ही थी। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जो अराजकता फैली उसपर नियंत्रण किया जा सकता था। मुम्बई हाईकोर्ट की अधिवक्ता लारा जेसानी ने अपने कटु अनुभव को साझा करते हुये कहा कि इस लॉकडाउन का सबसे अधिक प्रभाव झोपड़ियों में रहने वाले लोग और प्रवासी मजदूरों पर पड़ा। पटना विश्वविधालय राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष, डा. शेफाली राय ने कहा कि कोरोना संक्रमण रोकने के लिए लगे लॉकडाउन से सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक पर गहरा प्रभाव पड़ा है। संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की डा. सीमा प्रसाद ने किया।

रेल पहिया कारखाना/बेला
जिला–सारण, (बिहार)–841221

ई–निविदा सूचना सं0. एस/आर डब्ल्यू पी/ई/07/2020–21 दिनांक: 08.06.2020, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेल पहिया कारखाना/बेला, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से भारतीय रेलवे ई.प्रोक्यूरमेंट बेवसाईट www.ireps.gov.in के माध्यम से निम्न भंडार सामग्री की आपूर्ति हेतु ऑनलाइन (ई खुली निविदा) आमंत्रित करते हैं। सभी निविदाओं के बन्द होने का समय 14:00 बजे है। **क्र.सं. 1. निविदा सं.** 01191035C **सामग्री का संक्षिप्त विवरण:** GRAPHITE GRANULES **मात्रा:** 418 MT **निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि** 10.07.2020 at 14:00 **1.** बेवसाईट का पता, जिस पर निविदा की पूर्ण जानकारी एवं जहां से निविदा डाउनलोड किया जा सकता है, **www.ireps.gov.in** है। **2.** बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों/बोलीदाता को ऊपर की निविदा के संबंध में शुद्धिपत्र, निरस्तीकरण सहित अदयतन जानकारी प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त वेबसाईट के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है। हालांकि, ये सब सूचनाएं संबंधित समाचार पत्रों में भी बिना बदलाव के प्रकाशित की जाएगी।

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेपका/बेला
आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ए.डी.भी.टी./2020–21/21

एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज़ लिमिटेड
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के पीएसयू की संयुक्त उद्यम कंपनी)
क्षेत्रीय कार्यालय : दूसरा तल, जी के मेंशन,
न्यू डाक बंगला रोड, पटना – 800001, बिहार

कार्यालय स्थल की आवश्यकता

ईईएसएल को 3 वर्ष की अवधि के लिए किराए पर न्यूनतम 2,000 वर्ग फीट के फर्नीचर सहित कार्यालय परिसर या संपत्ति की आवश्यकता है। इस स्थान/परिसर का अच्छी तरह रखरखाव किया गया हो और अलग सुरक्षित प्रवेश द्वार होना चाहिए।

इच्छुक निविदाकार अपने कोटेशन (विधिवत हस्ताक्षर और मुहर सहित) मुहरबंद लिफाफे में, जिस पर लिखा हो **"दिनांक 10.06.2020 के विज्ञापन में पटना में ईईएसएल हेतु किराए पर कार्यालय स्थल के लिए कोटेशन"** और इसे नीचे दी गई जमा करने की तिथि और समय पर क्षेत्रीय कार्यालय में जमा करें :

- जमा करने की तिथि और समय : कार्यालय/कामकाजी समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर 11.06.2020 से 24.06.2020 के बीच 1500 बजे।
- किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया उपरोक्त बताए गए पते पर संपर्क करें और विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट **www.eeslindia.org** पर देखी जा सकती है।

हस्ताक्षर
स्टेट हेड–बिहार, ईईएसएल

ऊर्जा दक्ष भारत का निर्माण.....

तकनीकी संस्थानों की ऑनलाइन स्क्रूटिनी पूरी

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

राज्य के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों को नये सत्र की मान्यता के लिए ऑनलाइन स्क्रूटिनी का कार्य पूरा हो गया है। अब अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की टीम इन संस्थानों की आधारभूत संरचनाओं का जायजा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लेगी। इसके बाद मान्यता दिये जाने पर अंतिम निर्णय एआईसीटीई लेगा।

इसके पहले तक टीम संस्थान में आकर आधारभूत संरचानाओं का जायजा लेती थी पर कोरोना संक्रमण से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। इधर, इसको लेकर विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग ने संबंधित संस्थानों को आवशयक दिशा-निर्देश जारी किया है। गौरतलब हो कि इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों को अगले सत्र के लिए हर बार एआईसीटीई से मान्यता लेनी पड़ती है। इसके अंतर्गत इस बार पहली बार एआईसीटीई ने संस्थानों के आवेदनों की स्क्रूटिनी भी ऑनलाइन की। अब उन संस्थानों की आधारभूत संरचनाओं का जायजा एआईसीटीई लेगी, जो पिछले साल तक किसी अन्य भवन में चलते थे। अब वे अपने भवन में चले गए हैं। इसके लिए कॉलेजों के प्राचार्य और विभाग के पदाधिकारी आवशयक तैयारी कर ली है। संस्थान में जाकर लाइव वीडियो एआईसीटीई के कार्यालय कानपुर में बैठे पदाधिकारियों को यहां के पदाधिकारी दिखाएंगे। इसी क्रम में बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कॉलेज की आधारभूत संरचना का जायजा एआईसीटीई ने मंगलवार को लिया।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बख्तियारपुर के अलावा जमुई, बेगूसराय, सासाराम, सहरसा और सुपौल आदि राज्य सरकार के इंजीनियरिंग कॉलेज अपने भवन में गए हैं।

सीआईडी के केस रिकॉर्ड ऑनलाइन

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

थानों की तरह अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के केस रिकार्ड भी कम्प्यूटराइज्ड होंगे। दस्तावेज के रूप में रखे रिकार्ड का डिजिटाइजेशन का काम शुरू कर दिया गया है। सरदार पटेल भवन स्थित सीआईडी के दफ्तर में विशेषज्ञों की देखरेख में यह काम हो रहा है।

डिजिटाइजेशन का मकसद केस रिकार्ड को कम्प्यूटराइज्ड कर डिजिटल फॉर्म में ऑनलाइन रखना है। ताकि जरूरत के मुताबिक अधिकारी उसे तुरंत देख सकें।

बीते 10 साल के रिकार्ड पर हो रहा काम : थानों में मौजूद 10 वर्ष तक के तमाम पुराने रिकार्ड या डाटा को कम्प्यूटराइज्ड किया जा रहा है। थानों में दर्ज कई मामले सीआईडी को ट्रांसफर किए जाते हैं। ऐसे में एसआईआर से लेकर केस डायरी समेत अन्य रिकार्ड भी सीआईडी के पास भेज दिया जाता है। विभिन्न थानों में दर्ज कई कांडों का अनुसंधान सीआईडी के द्वारा किया जाता है। इसलिए थानों के साथ सीआईडी के पिछले 10 वर्षों के केस रिकार्ड को कम्प्यूटराइज्ड करने का काम शुरू किया गया है। फिलहाल सीआईडी के अलावा राज्य के 30 जिलों में इसपर काम चल रहा है। केस रिकार्ड का डिजिटाइजेशन सीसीटीएनएस परियोजना का हिस्सा है।

अक्टूबर 2020 तक पूरा होगा काम : सीआईडी के साथ थानों के रिकार्ड को कम्प्यूटराइज्ड करने का काम अक्टूबर 2020 में पूरा कर लिया जाएगा। इसपर काफी तेजी से काम हो रहा है। निजी कंपनी से इसके लिए करार किया गया और कम्प्यूटर के विशेषज्ञों की देखरेख में कई टीम इस काम में लगी है।

राहत

- अपराध अनुसंधान विभाग के रिकॉर्ड का हो रहा डिजिटाइजेशन
- बीते 10 वर्षों के तमाम केस रिकॉर्ड कम्प्यूटर पर होंगे अपलोड
- जिला पुलिस के केस रिकॉर्ड के डिजिटाइजेशन का भी हो रहा काम

पुराने केस रिकॉर्ड को जब चाहे देख सकते हैं

रिकार्ड के डिजिटाइजेशन का काम पूरा होने के बाद एफआईआर, जब्ती सूची, चार्जशीट, अदालत से जुड़े आदेश, वारंट और केस का रिकार्ड पुलिस अधिकारी एक क्लिक पर देख सकेंगे। बीते 10 साल के केस रिकार्ड के कम्प्यूटर पर अपलोड होने के बाद यह सिलसिला चलता रहेगा। जो नए केस दर्ज होंगे, उनके रिकार्ड भी इसी तरह तैयार कर कम्प्यूटर पर अपलोड कर दिए जाएंगे।

Directorate of Basic Education, Vidhya Bhawan, Nishatganj, Lucknow, Uttar Pradesh-226007

Ref. School Shoes Tender Notice No. 2020_UPBED_471943_1
Ref. School Socks Tender Notice No. 2020_UPBED_471995_1

NOTICE

In reference to the School Shoes Tender 2020 (Ref. Tender Notice No. 2020_UPBED_471943_1) and School Socks Tender 2020 (Ref. Tender Notice No. 2020_UPBED_471995_1), it is hereby informed that certain amendments have been made and same uploaded on U.P. Government e-Tender portal http://etender.up.nic.in for the Supply of Shoes and Socks.

Due to Corona Pandemic (COVID-19), the revised e-Bid Submission End Date, Opening of Technical e-Bid and Opening of Financial e-Bid dates will be as follows :

For School Shoes :-

Sr No.	Particulars	Date	Day	Time
1	e-Bid Submission End Date	23.06.2020	Tuesday	1700 hrs
2	Opening of Technical e-Bid	24.06.2020	Wednesday	1300 hrs
3	Opening of Financial e-Bid	30.06.2020	Tuesday	1300 hrs

For School Socks :-

Sr No.	Particulars	Date	Day	Time
1	e-Bid Submission End Date	23.06.2020	Tuesday	1700 hrs
2	Opening of Technical e-Bid	24.06.2020	Wednesday	1400 hrs
3	Opening of Financial e-Bid	30.06.2020	Tuesday	1400 hrs

The other terms and conditions of the above tenders will remain same.

Director
Basic Education, U.P.
Lucknow-226 007

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी0)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।

क्र.सं. 1. ई-निविदा सूचना सं0: एनईआर-बीएसबी-2020-64, कार्य का नाम: छपरा- पावर हाउस का सुधार। **अनुमानित लागत (₹):** 26,68,988/-, **अमानत राशि (₹):** 53,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) :** 3,000/-, **निविदा बन्द होने की तिथि :** 08.07.2020, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 09 माह।

क्र.सं. 2. ई-निविदा सूचना सं0: एनईआर-बीएसबी-2020-65, कार्य का नाम: फेफना-औड़िहार खण्ड में विभिन्न स्ट्रेचो पर टीबीआर एवं डीप स्क्रीनिंग का कार्य किमी0 76/0 से 124/4 (कुल 48.40 कि0मी0) (केवल ट्रेक कार्य)। **अनुमानित लागत (₹):** 3,24,08,352/-, **अमानत राशि (₹):** 3,12,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) :** 10,000/-, **निविदा बन्द होने की तिथि :** 08.07.2020, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 12 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2020-64 से एनईआर-बीएसबी-2020-65 दिनांक 08.07.2020 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखे। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी0) वाराणसी
मुजाधि/डब्ल्यू - 32

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

फर्जी रिजल्ट चस्पा कर ठगी की कोशिश

विधानसभा में बहाली

पटना। वर्ष 2018-19 में चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों पर आयोजित करायी गई परीक्षा से संबंधित बहाली का फर्जी रिजल्ट प्रकाशित कर अभ्यर्थियों से ठगी करने की कोशिश की गई। रिजल्ट से संबंधित पोस्टर विधानसभा के आसपास चस्पा किये जाने पर सचिवालय थाने में शातिर ठगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ऐसे उजागर हुआ मामला : चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों पर बहाली से संबंधित पोस्टर शातिर ठगों की ओर से विधान सभा के गेट नंबर छह पर चस्पाया गया था। मंगलवार को इस पोस्टर पर जब लोगों की नजर पर पड़ी तो वहां लोग इकट्ठा होने लगे। वहां मौजूद गार्ड की भी नजर जब पोस्टर पर पड़ी तो उसके द्वारा अंदर जाकर प्रशासनिक अधिकारियों को भी इस बारे में बताया गया। वहीं पोस्टर देखने वाले कई ऐसे भी अभ्यर्थी थे जो उक्त परीक्षा में भाग ले चुके थे। पोस्टर देखकर अभ्यर्थी चौंक गए। शक होने पर कुछ अभ्यर्थियों ने विभाग से संपर्क कर इस मामले में जानकारी मांगी तो पता चला कि ऐसी कोई बहाली फिलहाल नहीं की गई है और न ही इससे संबंधित कोई अधिकृत विज्ञापन ही निकाला गया है। मामला प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में आया तो उनकी ओर से सचिवालय थाने की पुलिस को केस दर्ज कर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। डीएसपी सचिवालय राजेश प्रभाकर ने बताया कि केस दर्ज कर सचिवालय पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि पोस्टर किस प्रिंटिंग प्रेस से और किसने छपवाया है। पता चलने पर शातिर को पुलिस खोज निकालेगी। आरोपितों तक पहुंचने के लिए अन्य माध्यम भी अपनाए जाएंगे।

ठगी करने वालों की जानकारी विस सचिवालय को दें

बिहार विधानसभा सचिवालय ने इस फर्जीवाड़े के उजागर होने के बाद एकबार फिर सभी अभ्यर्थियों को आगाह किया है कि कोई भी सरकारी अथवा गैर सरकारी व्यक्ति बिहार विधान सभा सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर आपसे संपर्क स्थापित कर ठगी करने का प्रयास करते हैं तो अविलंब दूरभाष संख्या-0612-2215709 पर जानकारी दें। सूचना तथा ई-मेल **secretarybvs@gmail.com** पर भी करें । ऐसे किसी तत्वों से संलिप्तता पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी ।

पूर्व कुलपति की जांच नई कमेटी करेगी

एलएमएनयू

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

राजभवन सचिवालय ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के पूर्व कुलपति एसके सिंह के विरुद्ध जांच का जिम्मा नई कमेटी को सौंपा है। राजभवन के संयुक्त सचिव राजकुमार सिन्हा की अध्यक्षता में यह त्रिसदस्यीय कमेटी 18 मई को गठित की गई थी।

कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विवि के कुलपति डॉ. एसएन झा के खिलाफ नियुक्ति समेत अन्य प्राप्त परिवादों की जांच के लिए अपर सचिव रामअनुग्रह सिंह की अध्यक्षता में 14 फरवरी, 2020 को तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गयी थी। इसी कमेटी को बाद में एलएमएनयू के वीसी के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच का भी जिम्मा दिया गया था। जांच के लिए कमेटी ने 18 मार्च की तिथि भी तय कर दी थी, लेकिन कोविद-19 के कारण समिति द्वारा जांच का कार्य सम्पन्न नहीं किया जा सका। 9 जून को राजभवन सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि पूर्व में गठित जांच समिति अब अपना सभी परिवाद पत्रों को वर्तमान में गठित राजकुमार सिन्हा की अध्यक्षता वाली समिति को सौंप देगी। जांच का पूरा जिम्मा अब इसी कमेटी को स्थानांतरित कर दिया गया है।

अधिसूचना जारी

- लॉकडाउन के कारण पहली कमेटी नहीं कर पाई थी जांच
- पुरानी कमेटी को परिवाद पत्रों को सौंपने को कहा गया

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉची

सर्वसाधारण के लिए सूचना

नाम–राजकुमार कश्यप, उम्र–29 वर्ष रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फिट 6 ईंच, पहनावा–शर्ट एवं पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता राजकुमार कश्यप, पे0–स्व0 रामवतार प्रसाद कश्यप सा0–तिलौथू थाना–तिलौथू, जिला–रोहतास, (बिहार) जो दिनांक–13.12.2019 को रिनपास कॉके रॉची से बगैर बताए कहीं चले गए जो आज तक अपने घर वापस नहीं आए हैं। जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके संबंध में कांके थाना सनहा संख्या–15/2020, दिनांक–13.12.2019 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, मु0 प्रथम, रांची। –9431706142
डी0सी0बी0 शाखा, प्रभारी, रॉची। –9431356455
थाना प्रभारी, कांके, रॉची। –9431706185

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉची

PR 229213(Police)20-21*D

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत हैं– **ई निविदा संख्या:**–NER-LJN-2020-54, **कार्य का नाम:**– गोरखपुर कैंट मनकापुर:– किमी. 520/4 से 526/4 = 6.0 किमी PQRS द्वारा सी.टी.आर. (पी) का कार्य एवं किमी. 509/5 से 520/4 तथा किमी. 526/4 से 528/0=12.5 किमी. टी.आर.आर.(अप लाइन), **अनुमानित लागत (₹):**– 28810114.75, **अग्रिम धन (₹):**– 294100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):**–10000.00, **समापन अवधि:**– 12 माह, **ई निविदा संख्या:**– NER-LJN-2020-55, **कार्य का नाम:**– गोरखपुर कैंट मनकापुर:– किमी. 500/0 से 501/8 = 1.8 किमी टी.आर.आर. (पी) (अप लाइन) का कार्य एवं किमी. 501/8 से 509/5 = 7.7 किमी. सी.टी.आर. (पी) का कार्य।, **अनुमानित लागत (₹):**– 20786574.87, **अग्रिम धन (₹):**– 253900.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):**– 10000.00, **समापन अवधि:**– 12 माह, **ई निविदा संख्या:**– NER-LJN-2020-56, **कार्य का नाम:**– गोरखपुर कैंट मनकापुर (अप लाइन):– किमी. 533/2 से 539/0 = 5.8 किमी सी.टी.आर. (पी) PQRS का कार्य एवं किमी. 533/0 से 533/2 = 0.2 किमी. टी.टी.आर. (अप) का कार्य।, **अनुमानित लागत (₹):**– 14955367.26, **अग्रिम धन (₹):**– 224800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):**– 5000.00, **समापन अवधि:**– 12 माह, **ई निविदा संख्या:**– NER-LJN-2020-57, **कार्य का नाम:**– गोंडा–बुढ़वल (बी.जी.) सेक्शन:– 60किग्रा रेल एवं एम +7 घनत्व स्लीपर के साथ किमी. 652/0 से 654/60 = 2.60 किमी एवं किमी. 657/0 से 659/9 = 2.90 किमी (कुल 5.50 किमी) सी.टी.आर. (पी) का कार्य एवं किमी. 654/6 से 657/0 = 2.40 किमी. टी.आर.आर. (पी) का कार्य।, **अनुमानित लागत (₹):**– 21272625.54, **अग्रिम धन (₹):**– 256400.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):**– 10000.00, **समापन अवधि:**– 12 माह, 1. उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2020-54 से 57 तक के लिये ई–निविदा दिनांक 10.07.2020 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डबलू–33 लखनऊ

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.–09794845955 पर SMS करें
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

सुकन्या खाता खोलने को स्पेशल ड्राइव शुरू

पटना | वरीय संवाददाता

बेटियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए डाक विभाग की ओर से सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खोलने के लिए स्पेशल ड्राइव शुरू हो गई है। बिहार डाक विभाग ने बड़े स्तर पर सुकन्या खाता खोलने के लिए 11 जून 2020 के बीच सुकन्या समृद्धि खाता खोलो अभियान शुरू किया है।

इस अभियान के तहत डाक विभाग गांव-गांव घर-घर पहुंचकर सुकन्या समृद्धि खाता खोलेगी। इस योजना में खाता खुलने से 14 साल तक 12 हजार 500 रुपये प्रतिमाह जमा करने पर 64 लाख रुपये की परिपक्वता मिलती है। पोस्ट मास्टर जनरल पूर्वी प्रक्षेत्र अनिल कुमार बताते हैं कि सुकन्या खाता खोलना बहुत ही सहज और सरल है और 10 साल से कम आयु के किसी भी बच्ची का किसी भी डाकघर में खाता खोला जा सकता है।

खाता खोलने की न्यूनतम राशि 250 रुपये है। एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 250 रुपये और अधिकतम 1,50,000 रुपये 50 के गुणक में राशि जमा की जा सकती है। सुकन्या समृद्धि खाते में जमा राशि का 7.6 प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से पैसा मिलता है। एक परिवार के प्रथम दो बच्चियों का ही खाता खुल सकता है और जुड़वां होने के स्थिति में तीन बच्चियों का खाता खोला जा सकता है। बच्ची का जन्